आकाशवाणी केन्द्र शिमला

21.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

पल्स पोलियो

प्रदेशभर में आज पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 5 वर्ष तक की आयु के करीब 6 लाख 25 हज़ार बच्चों को पोलियो खुराक पिलाने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने राजधानी शिमला के कमला नेहरू अस्पताल से बच्चों को खुराक पिलाकर इस अभियान का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि अभियान को प्रदेश में पूरी गंभीरता और मज़बूती के साथ चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बच्चों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और पोलियो मुक्त हिमाचल के लक्ष्य को बनाए रखने के लिए अभियान में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री धनीराम शांडिल भी इस दौरान मौजूद रहे। आज खुराक पीने से वंचित रहे बच्चों को 22 और 23 दिसम्बर को स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर–घर जाकर ये दवा पिलाएंगे।

धर्माणी

नगर व ग्राम नियोजन और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने घुमारवीं में पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि ये अभियान देश के सबसे सफल जन स्वास्थ्य अभियानों में से एक है जिसके परिणाम स्वरूप भारत आज पोलियो मुक्त घोषित हो चुका है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि को बनाए रखने के लिए 5 वर्ष तक की आयु के प्रत्येक बच्चे को निर्धारित समय पर पोलियो खुराक पिलाना अनिवार्य है। धर्माणी ने अभिभावकों से किसी भी भ्रांति में न आकर अपने बच्चों को पोलियो से सुरक्षित रखने के लिए अभियान में सक्रिय सहयोग देने का आह्वान किया है।

कीटनाशक

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार नकली उर्वरकों और कीटनाशकों से निपटने के लिए संसद के अगले सत्र में विधेयक लाएगी। नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में उन्होंने भ्रामक टैग के साथ नकली उर्वरकों और कीटनाशकों की बिक्री पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि बेईमान कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्नयन योजना

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना किन्नौर में महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम बनकर उभर रही है। योजना के तहत जनजातीय क्षेत्रों की महिलाओं को स्थानीय कृषि व बागवानी उत्पादों पर आधारित सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे सेब, सूखे फल, पारंपरिक अनाज और स्थानीय उत्पादों का मूल्य संवद्धन हो रहा है। इससे स्थानीय महिलाओं को घर के समीप रोजगार के अवसर भी मिल रहे हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारी किन्नौर जिला संवाददाता

*प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम बनकर उभर रही है। दुर्गम और जनजातीय क्षेत्रों में निवास करने वाली महिलाओं को इस योजना के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर आर्थिक रूप से मजबूत किया जा रहा है। जिले के पूह विकास खण्ड में पीएमएफएमई योजना के तहत 47 स्वयं सहायता समूहों के 114 सदस्यो को 45 लाख 60 हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। कल्पा विकास खण्ड में 122 स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 474 महिलाओं को 188 लाख 89 हजार रुपये की सहायता राशि उपलब्ध करवाई गई है। निचार विकास खण्ड में 28 स्वयं*

*सहायता समूहों के 1 सौ 10 सदस्यों को 43 लाख 52 हजार रुपये की धनराशि प्रदान की गई है। जिला प्रशासन के प्रयासों से यह योजना जनजातीय क्षेत्र की महिलाओं को स्वरोजगार, आर्थिक सुरक्षा और आत्मसम्मान प्रदान कर रही है, जिससे वे आत्मनिर्भर भारत के संकल्प में सक्रिय भागीदार बन रही हैं।* पीटीसी किन्नौर, सुमेश नेगी

मौसम—सूखा

प्रदेश में बारिश और बर्फबारी न होने से सूखे जैसे हालात बनते जा रहे हैं। लंबे ड्राई स्पेल के कारण किसानों—बागवानों की चिंता बढ़ने लगी है। जिला चम्बा में लंबे समय से बारिश न होने के कारण किसान व बागवान सूखे जैसी स्थिति से जूझ रहे हैं। कृषि व बागवानी विभाग ने भी सूखे की इस स्थिति पर चिंता जताई है और किसानों व बागवानों से भविष्य में सिंचाई के लिए उचित जल संग्रहण करने का आह्वान किया है। विभाग के उपनिदेशक डॉक्टर. प्रमोद शाह ने कहा कि जिला चंबा में लगातार कम बारिश और बर्फबारी के चलते मौसम का सीधा असर बागवानी पर पड़ रहा है।

जो छोटे पौधे हैं जो पिछले साल लगाए थे या उससे भी पिछले साल लगाए थे। उनमें जरूर पानी की कमी से वह आए या सूखने के कगार पर आ सकते हैं तो उसे अपने पास इरिगेशन का सोर्स को लेकर चलना ही पड़ता है। जितनी भी हमारी बागवानी है सघन बागवानी है। अभी है हाई डैन्स्टी प्लांटेशन है और हाई वैल्यू क्रॉप हम लगा रहे हैं जिसने भी ये काम शुरू किया है या कर रहे हैं। उनको कम से कम से कम है ये जो हमारा ड्राई स्पैल है। जिसको हम कहते हैं पानी की जरूरत उसके मुताबिक तो पानी और उनके पास होना ही चाहिए चाहे वह आपके किसी टैंक फार्म में हो या आप उसको ड्रिप से करें तो मुझे यह उम्मीद है कि जिन लोगों ने पिछले साल बागवानी की उनके पास कहीं ना कहीं अपना इरिगेशन देने का सोर्स है

मौसम

इस बीच, आज प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में बादल छाए हुए हैं। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बीती रात ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्के हिमपात का भी समाचार है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के मध्यम व उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा व हिमपात की संभावना जताई है।